सार-समाचार

शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला 2026 में द्वितीय स्थान हासिल किया

झुंझुनूं (निसं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र झुंझुनूं द्वारा आयोजित शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला 2026 में सीएलसी हाई स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ का बेहतरीन प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय की डांस टीचर कृतिका शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं कशिश, लावण्या, प्रसिद्धि, रिया, पल्लवी, आशवी, देवांशी, नूपुर, अंशिका, वंशिका एवं दिव्यांशी ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप टीम को द्वितीय स्थान के साथ 11,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर सीएचएस ऐकडेमिक हेड उपकरण सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनका सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सीएलसी हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता आया है और यह सफलता उसी का परिणाम है। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके निरंतर आगे बढ़ने की कामना की।

निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर 28 को

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल एवं जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय गुड्डी पत्नी अनूप जोशी की स्मृति में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 28 जनवरी 2026 (बुधवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास, रतनगढ़ में आयोजित होगा।ट्रस्टी एवं शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद जांच की जाएगी तथा चयनित रोगियों का आधुनिक तकनीक से बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। ऑपरेशन, आवागमन, दवा व अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी।शिविर में पंजीयन हेतु रोगियों को अपने आधार कार्ड की दो फोटोकॉपी साथ लानी अनिवार्य है।इस अवसर पर रजनीकांत सोनी ने बताया कि यह शिविर जरूरतमंदों के लिए दृष्टि लौटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे अनेक लोगों को नई रोशनी और बेहतर जीवन गुणवत्ता प्राप्त होगी।

सेवादारों का सम्मान किया

मुकुंदगढ़, (निसं)। ग्राम बलरिया के अष्ट भुजा मंदिर स्थित मातेश्वरी गौशाला में गौ सवामणी की गई। स्व. गुलझारीलाल मील पूर्व सरपंच की पुण्य तिथि पर उनके परिजनों के द्वारा गौशाला में गायों को मीठा दलिया एवं गुड़ खिलाया गया। गौशाला में कार्यरत सेवादारों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर स्व. गुलझारीलाल मील के व्यक्तित्व एवं जीव जंतुओं के प्रति उनके दया भाव से प्रेरित होकर कुछ लोगों ने गौशाला के लिए 51 हजार रूपए की राशि का आर्थिक सहयोग भी किया गया। इस अवसर पर शिशुपाल झाझडिया, महेंद्र सिंह मील, मनोज शर्मा, अजय सिंह शेखावत, रणजीत, महेंद्र खीचड, मुरारीलाल, शंकरलाल शर्मा, मोहन मील, सुरेंद्र हावलिया, मोहरसिंह, शुभम चौधरी, महावीर सोढा, राकेश सैन, सुरेंद्र कुमावत, त्रिलोक चंद सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

दो दिवसीय निःशुल्क कैंप आयोजित

मुकुंदगढ़, (निसं)। आराध्य संत कुंभनाथ जी महाराज की पुण्य तिथि पर दो दिवसीय निःशुल्क इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा व परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। जिसका समापन मंगलवार को हुआ। शिविर प्रभारी घनश्याम शर्मा व सुरेश शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर में डॉ. नंदकिशोर कुमावत के नेतृत्व में डॉ. आरपी चौधरी, डॉ. एमआर सोनी, डॉ. आरएन वर्मा, डॉ. अनूप सैन, डॉ. अमरसिंह शेखावत, डॉ. उर्मिला ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 315 में मरीजों को परामर्श और दवाइयां निशुल्क दी गई। शिविर में ओपी बिर्ख, सुरेंद्र शर्मा, गोविंद शर्मा, विजय शर्मा, प्रभुदयाल, गोपी सैनी, कुलदीप सांखला ने सहयोग किया। शिविर सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स एवं टीम को महंत शैलेंद्र नाथ महाराज ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

डीबी अस्पताल में लगे कचरे के ढेर से आमजन परेशान

चूरू (निसं)। जिले के सबसे बड़े डीबी अस्पताल स्थित ट्रोमा सेंटर के सामने लगे कचरे के ढेर से आमजन की जान जोखिम में है। गौरतलब है कि रिहिबलीटेशन सेंटर व मोर्चरी के पास पिछले करीब 15 दिनों से लगे कचरे के ढ़ेर से आमजन का हाल-बेहाल है। आपको बता दें कि इस कचरे के ढ़ेर के कारण अस्पताल में आने वाले मरीज और अधिक बीमार होकर जाते हैं और कोई न कोई नयी बीमारी साथ लेकर जाते हैं। इस गंदगी से न केवल मरीजों और परिजनों को परेशानी होती है, बल्कि यहां के डॉक्टरों और स्टॉफ सदस्यों का भी हाल-बेहाल है, क्योंकि यह गंदगी अत्यधिक बदबू मारती है। जिससे यहां खड़ा रहना भी काफी मुश्किल है।

जिला स्तरीय बैठक आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मुख्य अभियंता (पथ) सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार आगामी 3-4 वर्षों में सडक निर्माण की भावी योजना तैयार किया जाना है, जिसके तहत जिला स्तर पर 8 जनवरी 2026 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कौशल रथ को हरी झंडी दिखाई

- सीकर जिले के 2500 से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिलेगा

सीकर, (निसं)। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्रालय के तहत स्किल इंडिया मिशन-कौशल भारत, कुशल भारत के अंतर्गत बुधवार को ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यिमता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथाशिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने वीडियो संदेश एवं राजस्थान सरकार के नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वरलाल रणवा ने की। इस अवसर पर पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती तथा ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् चैन सिंह आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

इस दौरान यूडीएच मंत्री खर्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतवर्ष में प्राचीन समय में गुरुकुल शिक्षा पद्धित में प्रत्येक व्यक्ति को उसकी रुचि और क्षमता का आकलन कर उसे पारंगत बनाया जाता था। तभी उस समय देश सोने की चिड़िया कहलाता था। ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन आने के बाद देश में मैकॉले की शिक्षा पद्धति लागू कर गुरुकुल की शिक्षा पद्धति को नष्ट किया गया था। यहां के लोगों को नौकर बनाने पर ज्यादा कार्य किया गया, जबकि उनका कौशल सुधारने पर कोई कार्य नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कौशल विकास पर कार्य करते हुए गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में आमजन को रुचि एवं योग्यता के अनुसार उसी क्षेत्र में पारंगत कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया है, जिससे वे देश के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में आमजन से सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां सभी क्षेत्रों में लड़कों से आगे हैं। उन्होंने लड़कियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार कार्य करते हुए अपने क्षेत्र में पारंगत बनें तथा देश के विकास में अपना योगदान दें, ताकि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाया जा सके।

डीजीएम, एनएसडीसी, नई दिल्ली संदीप कतना ने कहा कि यह कौशल रथ सीकर जिले में गांव-गांव में जाकर 2500 युवाओं को प्रशिक्षण देकर सर्टिफाइड करेगा। कौशल रथ के माध्यम से 5 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन 2 घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उसके बाद सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि कौशल रथ उद्यिमता, वित्तीय एवं डिजिटल कौशल विकसित करने के लिए गांव-गांव जाएगा।

इस दौरान संस्थान की पायल चौधरी, रिंकू कुमारी, रितु, रीना, प्रियंका कुमावत, वंशिका एवं डिंपी को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान के विकास में सक्रिय योगदान देने वाले भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष देवनारायण बोर्ड जोगिंदर सिंह अवाना, जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह शेखावत, झाबर सिंह, प्रभु सिंह ओला, बीरबल ढाका, बीएल मील सहित अन्य उपस्थित रहे।

चूरू के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार ने कोतवाली थाने के एसआई की जांच रिपोर्ट को संदेहास्पद माना

चूरू (निसं)। चूरू में राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी आरजीएचएस योजना में लाखों रुपए के कथित घोटाले से जुड़ा एक बडा न्यायिक घटनाक्रम सामने आया है। चूरू सीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश हरीश कुमार ने कोतवाली थाना द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर कडा रुख अपनाते हुए पुलिस अनुसंधान को संदिग्ध और दूषित माना है और जांच अधिकारी एएसआई वीरेन्द्र सिंह के पुलिस महानिदेशक को अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भी लिखा है । कोर्ट ने आयुर्वेदिक डॉक्टरों, मेडिकल स्टोर संचालकों, कंप्यूटर ऑपरेटर और आरजीएचएस लाभार्थियों सहित कुल 13 लोगों जिनमें सुशीला शर्मा पत्नी नवीन शर्मा, नवीन शर्मा , डॉ पवन कुमार जांगिड , डॉ कविता धनकड , जितेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार , भजन प्रकाश , संदीप कुमार , बीरमा राम , राकेश कुमार , दिनेश कुमार व मदनलाल के खिलाफ प्रसंज्ञान लेते हुए गिरफ्तारी वारंट से तलब किया है।

यह मामला अगस्त 2025 में तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में दर्ज किया गया था। पुलिस जांच अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने केवल इस प्रकरण में केवल एक कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया था, जबकि अन्य को गवाह बना दिया था। पुलिस एएसआई की इस प्रकार की भ्रष्ट कार्रवाई पर सीजेएम का कड़क रुख चूरू शहर में पारदर्शी न्यायपालिका की चर्चा चारों ओर है।उक्त मुकदमे में सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल की परामर्श पर्चियों का उपयोग अस्पताल के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर पर किया गया। आरजीएचएस कार्डधारकों से ओटीपी लेकर फर्जी पर्चियां तैयार की गईं और योजना से लाखों रुपए का भुगतान उठाया गया।जांच में यह भी सामने आया कि कई रोगियों के नाम ओपीडी रजिस्टर में दर्ज नहीं थे। इसके अलावा छुट्टी पर रहने वाले डॉक्टरों के नाम और सील का भी दुरुपयोग किया गया। रिकॉर्ड के अनुसार, शिवम आयुर्वेदिक ड्रग्स द्वारा आरजीएचएस योजना में लगभग 77.34 लाख रुपए की बिक्री दर्शाई गई थी।इसमें से 47.84 लाख रुपए केवल डॉ. पवन जांगिड की पर्चियों से जुड़े पाए गए, जबकि डॉ. कविता धनकड की पर्चियों से भी लाखों की बिक्री सामने आई। एक ही लाभार्थी द्वारा 53 बार विजिट कर 2.26 लाख रुपए की दवाएं लेने का तथ्य भी उजागर हुआ, जिससे लाभार्थियों की मिलीभगत की आशंका प्रबल हुई।सीजेएम कोर्ट ने पुलिस की जांच पर कडी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह पूरा प्रकरण धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों, राजकोष की राशि के गबन और आपराधिक षड्यंत्र से जुड़ा है। कोर्ट ने अनुसंधान अधिकारी की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए राजस्थान के डीजीपी को अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। कोर्ट ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की गंभीर धाराओं में प्रसंज्ञान लेते हुए शेष आरोपियों को गिरफ्तारी वारंट से तलब करने के आदेश दिए हैं। मामला अब फौजदारी मूल के रूप में दर्ज कर आगामी सुनवाई 30 जनवरी 2026 को तय की गई है। चूरू में आरजीएस योजनाएं हुए भारी भ्रष्टाचार पर राजस्थान अन्वेषण ब्यूरो में मामला दर्ज किया जाना चाहिए था लेकिन जिला प्रशासन व राजनेताओं के दबाव के चलते मामले को दबाने के उद्देश्य से चूरू कोतवाली में मामला दर्ज हुआ था और अब मुख्य नायक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार द्वारा पुलिस पर लिए गई इस कड़े रुख से पुलिस जांच पर सवालिया निशान लग गए हैं।

भाजपा में एसआईआर व संगठन समन्वयक को लेकर कार्यशाला हुई

- 'कार्यकर्ता एसआईआर का कार्य पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें'

सीकर, (निसं)। भाजपा जिला कार्यालय में एसआईआर व संगठन समन्वयक को लेकर विशेष कार्यशाला बुधवार को आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन के संभाग समन्वयक व पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी मुख्य वक्ता रहे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने की। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, विधायक गोरधन वर्मा व सुभाष मील, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, गजानंद कुमावत, नवरंग लालासी, अजय खर्रा आदि मंचस्थ रहे।

कार्यशाला में बोलते हुए मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन के संभाग समन्वयक व पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने कहा कि एसआईआर में बीएलए की भूमिका महत्वपूर्ण है। जिस भी कार्यकर्ता को यह दायित्व मिला है वह उसे पूरी कर्तव्यनिष्ठा से निभाते हुए इसे पूर्ण करने में सहयोग करें। कहा कि बूथ पर जाकर एसआईआर के कार्य को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संगठन के कार्यों को वह जवाबदारी से पूर्ण करें।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि जिले में चल रही एसआइआर में संगठन के दायित्वान कार्यकर्ता कार्य को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूर्ण करेंगे। कार्यशाला में मंचस्थ वक्ताओं ने भी कार्यकर्ताओं की संगठन में भूमिका, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर कहा कि मतदाताओं के लिए चल रही एसआईआर में किसी भी गलत मतदाता का नाम जुड़े नहीं सही का कटे नहीं।

इस दौरान जिला महामंत्री राजेश रोलन, रामातार रूंथला, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, प्रभुसिंह सेवद, सुमन वर्मा, करण सिंह, राजकुमार महला, महेश पालड़ी, अनिता शर्मा, आशीष जैन, भंवरलाल जांगिड, रतनलाल सैनी, रामचंद्र बगडिया, इंद्र शर्मा, परमेश्वर शर्मा, अनुराधा, भंवरी खोखर, अशोक चौधरी, अनिल धींवा, जयदीप रेपसवाल, मनोहरलाल सैनी, नरेंद्र कौशिक, भजनलाल टेलर आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला आयोजित

सीकर, (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू विकसित भारत जी-रामजी योजना के संबंध में लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी रोमा सहारण के नेतृत्व में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के विकास अधिकारियों को योजना के उद्देश्यों एवं नवीन प्रावधानों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला के दौरान बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत जी-रामजी के अंतर्गत पूर्व में नरेगा योजना में निर्धारित 100 दिवस के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिवस किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। विकास अधिकारी रोमा सहारण ने योजना एवं अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बैनर, पोस्टर एवं पम्पलेट ग्राम विकास अधिकारियों को वितरित किए तथा योजना के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

सार-समाचार

गौशाला पायली को 25 हजार रुपये की दवाइयां भेंट की

रतनगढ़ (निसं)। देवकिशन स्मृति सेवा समिति द्वारा ग्राम पायली में हाइवे पर स्थित श्री मां करणी गौशाला में घायल व दुर्घटनाग्रस्त गौवंश के समुचित उपचार हेतु 25,000 रुपये मूल्य की आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। इस सहयोग से गौशाला में उपचार व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा क्षेत्र में घायल गौवंश को त्वरित राहत मिल सकेगी। गौशाला समिति के सुरेन्द्र सिंह राठौड ने निरंतर सहयोग के लिए देवकिशन स्मृति सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता होने से गौसेवक बिना किसी हिचक के क्षेत्र में घायल गौवंश को उपचार हेतु पिकअप एम्बुलेंस से गौशाला तक लाते हैं, जिससे समय पर उपचार संभव हो पाता है। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि दवाइयों की सामयिक उपलब्धता के साथ-साथ समिति के वरिष्ठ संरक्षक सुमित अजीतसरिया के सौजन्य से हर माह एक पिकअप चारा भी नियमित रूप से गौशाला को प्रदान किया जा रहा है, जिससे गौवंश की देखभाल में निरंतरता बनी हुई है।इस अवसर पर देवकिशन स्मृति सेवा समिति के विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़, देवेन्द्र यादव, सीताराम दाधीच, नरोत्तम लाल सोनी, अनूप जोशी, रणजीत सिंह चौधरी, अमित फोगला, रामप्रसाद दाधीच सहित गौशाला समिति के सुरेन्द्र सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में गौसेवा को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

प्रतियोगिता में ग्रामीण महिला महाविद्यालय विजेता व तोदी महाविद्यालय उपविजेता रही

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय साफ्टबाल महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ग्रामीण महिला महाविद्यालय सीकर विजेता तथा मेजबान श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय उपविजेता रहा। इस प्रतियोगिता में कुल आठ महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में पुरुस्कार वितरण समारोह के दौरान पर्यवेक्षक राजेन्द्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव आशकरण शर्मा तथा प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका नन्द लाल, दिवाकर, प्रमोद ,रिछपाल, सतपाल, सुखराम , भंवर व सुमन कंवर द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह, सुरेन्द्र सिंह व पंकज शर्मा का विशेष योगदान रहा। डॉ एन एस नाथावत ने खिलाड़ियों को जीवन में अनुशासन के साथ हार-जीत से बिना प्रभावित हुए निरन्तर खेल में सुधार करके आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में लिछमण सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आनंद शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी, बाहर से आने वाली टीमों के मैनेजर व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

विद्यालय स्थानांतरण का ग्रामीणों ने किया विरोध, सीबीईओ को ज्ञापन सौंपा

पाटन (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी पुंछलावाली नीमकाथाना में भवन जर्जर होने के कारण विद्यार्थियों को राजूवाली में अध्ययन कराने के आदेशों का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सीबीईओ को ज्ञापन सौंपकर आदेश वापस लेने की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि ढाणी पुंछलावाली से राजूवाली विद्यालय की दूरी लगभग 4 से 5 किलोमीटर है तथा मार्ग भी सुगम नहीं है। रास्ते में आवारा कुत्तों और जंगली भेड़ियों की मौजूदगी के कारण बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना रहता है। ऐसे में छोटे बच्चों को इतनी दूर भेजना उचित नहीं है।ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय का संचालन राजूवाली में करने के बजाय ढाणी पुंछलावाली में ही निरंतर किया जाना चाहिए। यदि वर्तमान भवन के स्थान पर किसी वैकल्पिक भवन की आवश्यकता होती है तो ग्रामवासियों द्वारा इसकी समुचित व्यवस्था पहले से ही कर रखी गई है।ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी स्थिति में बच्चों को राजूवाली नहीं भेजेंगे। यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।

जीबी मोदी स्कूल शिक्षा ग्रुप के जरूरतमंद कर्मचारियों को कंबल बांटी

झुंझुनूं, (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में आयोजित सर्दी में कोई न ठिठुरे अभियान के अंतर्गत लगातार कंबल वितरण अभियान जारी है। इसी क्रम में स्टेशन रोड स्थित जीबी स्कूल पब्लिक स्कूल, जीबी विद्या मंदिर बाकरा एवं राधाकृष्ण ओमप्रकाश गाडिया एकेडमी मोदी रोड परिसर में स्वर्गीय शारदा देवी मंगतूराम जालान की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र मुंबई प्रवासी देवेंद्र जालान की ओर से जीबी मोदी स्कूल की तीन ब्रांचों के कर्मचारियों को कंबल वितरण किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि बुधवार को आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में जीबी मोदी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रंजना मित्तल, राधाकृष्ण ओमप्रकाश गाडिया एकेडमी की प्राचार्या शिखा शर्मा एवं जीबी मोदी विद्या मंदिर की प्रशासनिक अधिकारी अनिता बंसल द्वारा जरूरतमंद कर्मचारियों को कंबल वितरण किया गया। विदित है कि श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था द्वारा गत सात वर्षों से लगातार हजारों की संख्या में कंबल वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष पांच हजार कंबल वितरण के लक्ष्य के साथ मकर संक्रांति चौदह जनवरी तक कम्बल वितरण अभियान जारी रहेगा।

एसडीएम ने गौण मंडी का निरीक्षण किया

तारानगर (निसं)। तारानगर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बुधवार को कस्बे की गृह विकास सहकारी समिति गौण मंडी का निरीक्षण किया। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने कृषि उपज मंडी खरीद प्रभारी हरदयाल सहारण व खरीद ठेकेदार महेश कुमार से मूंग एवं मुंगफली की तूलाई संबंधी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित किसानों से उनकी समस्या खरीदने आने वाली दिक्कतों के बारे में पूछा एवं मौके पर उपस्थित कार्मिकों को निर्देश दिए कि उक्त तुलाई कार्य नियमानुसार करें एवं किसानों को उसी दिन बुलाया जाए जिस दिन उनकी फसल की खरीद होनी है।

नाम परिवर्तन

मैं, आर्मी नंबर 3177747W रैंक NK T/S महावीर सिंह पुत्र गिरधारी लाल, सेना से रिटायर्ड हूं, वर्तमान में गांव-पोस्ट चैनपुरा छोटा, तहसील सिद्धमुख, जिला चूरू (राजस्थान) में रहता हूँ, मैं पूरी ईमानदारी से शपथपूर्वक यह बयान देता हूँ कि मैं भारत का नागरिक हूँ। मैंने कानूनी तौर पर एक बच्ची को गोद लिया है जिसका नाम अन्वी है, जन्मतिथि 28.06.2019. शपथ ग्रहिता-महावीर सिंह

बेदखली सूचना मै रामकिशन उम्र 63 वर्ष पुत्र बदलू राम जाति मेघवाल निवासी नीमां तहसील राजगढ जिला चूरू का हूँ, जो शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि अजय कुमार मेरा पुत्र है व इशा मेरी पुत्रवधू है। मेरा पुत्र अजय कुमार व पुत्रवधू इशा आवारा प्रवृति के लोगो के संगत मे रहते है, मेरे द्वारा समझाने पर नही मान रहे है, आये दिन मेरे से झगड़ता करते है, मेरे व मेरे परिवार/समाज के नाम से लोगों से सामान व रूपये ले लेते है और उनको वापिस नही देते है, मेरे उक्त पुत्र व मेरी उक्त पुत्रवधू शादी के बाद से ही मेरे से अलग रह रहे है। मैंने दिनांक 19.12.2025 को मेरे उक्त पुत्र व पुत्रवधु को मेरे परिवार की सम्पूर्ण चल-अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरे उक्त पुत्र व पुत्रवधू का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद मे किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नही रहा है। आज से मेरे उक्त पुत्र व पुत्रवधू मेरे परिवार के सदस्य नही रहे है। आज के बाद मेरे उक्त पुत्र व पुत्रवधू द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार हम नही होंगे, लेने देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे। इनके द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर व कोई मुकदमा बाजी या आपराधिक घटना कारित करने पर मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी। मैं सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि सूचित रहे। दिनांक-19.12.2025 शपथग्रहिता-बबीता

बेदखली निरस्त आम सूचना

यह कि मेरे मुवक्किल ने एक बेदखली सूचना वर्ष 2012-13 में श्री उमेदराज सैनी एडवोकेट के माध्यम से अखबार में प्रकाशित करवाई थी, जिस बेदखली की सूचना को निरस्त करने के लिए यह आम सूचना प्रकाशित करवाई जा रही है। मेरे मुवक्किल ने अपने सबसे बड़े पुत्र श्री विष्णु कुमार शर्मा, उसकी पत्नी श्रीमती सुमन एवं उससे छोटे पुत्र विनोद कुमार शर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती सरीता को मेरे मुवक्किल द्वारा अपनी चल व अचल सम्पति से उनके दुर्व्यवहार व कहे में नही चलने के कारण बेदखल किया गया था। पिछले 11 वर्षों से मेरे मुवक्किल के दोनों पुत्र व उनकी पत्नियों का व्यवहार, आचरण, स्वभाव एवं कार्यशैली में परिवर्तन आ चुका है, जिनका मेरे मुवक्किल व उसकी पत्नी के प्रति प्रेम, स्नेह, सेवा-चाकरी, समय पर खाना देना, दवा आदि भी समय पर करते चले आ रहे है। उपरोक्त सभी के व्यवहार में बदलाव व आचरण में सुधार के मेरे मुवक्किल श्री लीलाधर शर्मा पुत्र स्वर्गीय घनश्यामदास शर्मा उम्र 77 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 24, (पुराना) नया 34, जलदाय विभाग, नगर उपखण्ड, चूरू की हिदायतानुसार अपने पुत्र श्री विष्णु कुमार शर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती सुमन एवं पुत्र श्री विनोद कुमार शर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती सरीता की बेदखली निरस्त कर उन्हें अन्य वारीसान की तरह मेरे मुवक्किल की चल व अचल सम्पति में कानूनी रूप से वारीस होंगे।यह आम सूचना आज दिनांक 06.01.2026 से आमजन में सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करवाई जा रही है।

टेंट यूनियन के जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी का पदभार ग्रहण आज

- राजलदेसर कस्बे को सजाया दुल्हन की तरह
- राजलदेसर में पहली बार होगा ऐतिहासिक स्वागत

राजलदेसर (निसं)। चूरू जिला टेंट यूनियन के जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी का पदभार ग्रहण समारोह आज होगा राजलदेसर में जिसको लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रही है टेंट यूनियन के राजलदेसर अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने बताया दोपहर 2 बजे विनायक होटल से विशाल जुलूस रवाना होगा जिसमें बग्गी, घोडा, डीजे, बैंड बाजा एवं विभिन्न प्रकार की जीवित झांकियां जुलूस में सम्मिलित होगी। साथ ही जगह-जगह पुष्प वर्षा करके ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा।

इसके अलावा इस भव्य आयोजन को लेकर राजलदेसर कस्बे के मुख्य मार्गों पर 101 स्वागत द्वार बनाए गए हैं। साथ ही गांधी चौक, सुभाष चौक, पुलिस थाना, राजकीय चिकित्सालय आदि को शानदार डेकोरेशन से सजाया गया है साथ ही इस ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन को लेकर माली सैनी समाज स्थल को दुल्हन की तरह से सजाया जा रहा है जहां पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा साथ ही इस ऐतिहासिक भव्य कार्यक्रम में चुरू जिले के टेंट व्यवसाय के अलावा प्रदेश एवं देश से अनेकों व्यवसाय इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इस भव्य कार्यक्रम को लेकर राजलदेसर कस्बे के अंदर चर्चा का विषय बना हुआ है साथ ही सोशल मीडिया पर भी चर्चा